आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के लिए कहा है। आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान सांसद और विधायक अपने संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिये कोई नई निधि जारी नहीं कर सकेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बारे में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र के जरिये उन्होंने कहा है कि अगर कोई कार्य चल रहा है, तो उसे रोका नहीं जायेगा और उसका भुगतान भी हो सकता है, लेकिन नये कार्य शुरू नहीं होंगे। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में योजनाएं मंजूर हो चुकी है और निर्माण से जुड़ी सामग्री खरीद कर साइट पर पहुंचाई जा चुकी है, ऐसी योजनाएं भी कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो सकेंगी। उधर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति और सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ भी बैठक कर स्पष्ट कर दिया है कि बैंकों को एक लाख या इससे अधिक के ट्रांजेक्शन की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी। यदि निकासी दस लाख रूपये से अधिक की होगी तो जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इसकी सूचना आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी देनी होगी।

****

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। नामांकन पत्र दाखिल करने का आज तीसरा दिन था। अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नही किया है। हालांकि कुछ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदें हैं। इस चरण की सीटों के लिए प्रत्याशी सताईस मार्च तक नामाकंन कर सकेगें। तीस मार्च तक उन्हें नाम वापसी का अवसर दिया जाएगा। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में प्रदेश की जिन सीटों पर चुनाव होना है, उनमें सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत शामिल हैं। इनमें सात सीटें सामान्य हैं जबकि नगीना सीट आरक्षित है। प्रथम चरण के आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ तिरालिस लाख मतदाता है। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र और चौदह हजार आठ सौ बयालीस मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान मतदाता की पहचान के लिए चुनाव आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में बारह वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की है। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों–डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र–राज्य सरकार, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड शामिल है।

****

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत जिला प्रशासन विभिन्न स्वंयसेवी संगठनों के सहयोग से विविध आयोजन कर रहा है। कहीं मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है तो कहीं संगोष्ठियों तथा चौपालों के जरिए मतदाताओं को हर हाल में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मऊ जिले में शत–प्रतिशत मतदान को लेकर शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलाधिकारी की मौजूदगी में किन्नर समाज के लागों ने स्वंय मतदान करने और लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की शपथ ली। कौशाम्बी में अलग–अलग नारों के जरिए मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। पीलीभीत में आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें लोगों से उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़चढ कर प्रतिभाग करने की अपील की गयी। अमरोहा में कार्मिक प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर को मतदान की शपथ दिलायी गयी। चित्रकूट जिलें में आज कम मतदान वाले बूथों पर डोर टू डोर मतदाता जागरूकता की शुरूआत की गयी। वाराणसी में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से मतदान की अपील की गयी।

****

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आज देश के विभिन्न जिलों में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मिर्जापुर और फर्रूखाबाद में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन करने हुए उन्हें तत्काल छोड़े जाने की मांग की ।

****

विश्व जल दिवस के अवसर पर आज वाराणसी में गंगा नदी के नमोघाट पर लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर गंगा स्वच्छता और जन संरक्षण की शपथ ली। लोगों ने इस अवसर पर नमोघाट पर अभियान चलाकर साफ–सफाई की। यह कार्यक्रम नमामि गंगे और गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स द्वारा आयोजित किया गया।

****